पंचायतीराज चुनाव में दावेदारी करने वाले कार्यकर्ताओं से फीड़बैक लिया

बीकानेर, (कासं)। आगामी पंचायती राज चुनावों को लेकर जिले में राजनीतिक एवं संगठनात्मक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। इसी क्रम में सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी देहात कार्यालय, सूरज टॉकीज रोड, रानी बाजार में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं राजस्थान के सह-प्रभारी चिरंजीव राव ने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों एवं शहर व देहात कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों से मुलाकात कर पिछले छ: सात माह में पार्टी में हुई विभिन्न गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा कर फीडबैक लिया।

चिरंजीव राव निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 बजे जिला कांग्रेस कमेटी देहात कार्यालय पहुंचे। जहां जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं पंचायतीराज चुनाव में जिला परिषद सदस्य तथा विभिन्न पंचायत समितियों के सदस्य पद के लिए दावेदारी रखने वाले इच्छुक कार्यकर्ता उनसे मिलने पहुंचे।

इस दौरान दावेदारों ने अपने-अपने क्षेत्रों की राजनीतिक एवं संगठनात्मक स्थिति से चिरंजीव राव को अवगत कराया। साथ ही आगामी पंचायतीराज चुनावों में पार्टी की ओर से चुनाव लड़ने की इच्छा जताते हुए अपनी दावेदारी एवं क्षेत्र में संगठन के स्तर पर किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी।

एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव एवं राजस्थान के सह-प्रभारी चिरंजीव राव ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पंचायती राज चुनाव को लेकर चर्चा की।

मुलाकात के दौरान चिरंजीव राव ने अलग-अलग क्षेत्रों से पहुंचे कार्यकर्ताओं एवं संभावित उम्मीदवारों से संवाद किया और उनके क्षेत्र से संबंधित जानकारी एवं फीडबैक लिया। इस दौरान स्थानीय स्तर पर पार्टी संगठन की स्थिति, कार्यकर्ताओं की सक्रियता तथा आगामी चुनाव को लेकर तैयारियों सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी अपने क्षेत्रों की स्थानीय परिस्थितियों, निकाय चुनावों और चुनाव से जुड़े अन्य विषयों को पार्टी नेतृत्व के समक्ष रखा। कई कार्यकर्ताओं ने संगठन के साथ लम्बे समय से जुड़े रहने और अपने-अपने क्षेत्रों में पार्टी के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी दी।

जिला महासचिव (संगठन) प्रहलादसिंह मार्शल ने बताया कि पंचायतीराज चुनावों में कांग्रेस से टिकट की उम्मीद रखने वाले कार्यकर्ताओं एवं दावेदारों में चिरंजीव राव से मुलाकात को लेकर उत्साह नजर आया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने आगामी पंचायतीराज

- **दावेदारों ने अपने-अपने क्षेत्रों की राजनीतिक एवं संगठनात्मक स्थिति से चिरंजीव राव को अवगत कराया**

चुनावों को लेकर संगठन की भूमिका, टिकट वितरण, स्थानीय स्तर पर चुनावी तैयारियों और जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय सहित विभिन्न मुद्दों पर भी संवाद किया। संवाद के दौरान पीसीसी महासचिव प्रद्युमन सिंह राठौड़ भी मौजूद रहे।

चिरंजीव राव ने विभिन्न क्षेत्रों से आये कार्यकर्ताओं से उनकी गतिविधियों और संगठनात्मक स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुलाकात करने वाले पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में मुख्य रूप से पीसीसी सचिव शिवलाल गोदारा, अम्बाराम इणखिया, हरिराम बाना, भंवर कूकणा, श्रीकृष्ण गोदारा, अत्ता हुसैन कादरी, जाकिर हुसैन नागौरी, डीसी गहलोत, विजय गोदारा, पन्नालाल नायक, संजय गोयल, हंसराज बिश्नोई, भीखाराम कडेला, पूनमचंद भाम्भू आदि शामिल थे।

कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन व पुतला दहन आज

बीकानेर,(कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 29 सितम्बर को सभी जिला मुख्यालयों पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन करते हुए उनके इस्तीफे की मांग के साथ पैदल मार्च करते हुए विरोध-प्रदर्शन करेंगे।

बीकानेर शहर देहात जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में 29 सितम्बर को सुबह 11 बजे कोटगेट से जिला कलेक्टर कार्यालय तक पैदल मार्च विरोध प्रदर्शन करेंगे। उसके बाद पुतला दहन जिला कलेक्टर कार्यालय के आगे रखा गया है। शहर देहात अध्यक्ष मदनगोपाल मेघवाल, बिशनाराम सियाग के संयुक्त नेतृत्व में होने वाले इस विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस सचिव राजस्थान सह प्रभारी चिरंजीव राव सहित जिले के सभी वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे।

विरोध प्रदर्शन में जिले के वरिष्ठ नेतागण, जिले से प्रदेश पदाधिकारी, बीकानेर शहर देहात जिला कांग्रेस पदाधिकारी, जिले के सभी ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, मंडल अध्यक्ष, एनएसयूआई इंटक, विभागों, प्रकोष्ठों के अध्यक्ष मय कार्यकारिणी, पार्षद/पार्षद प्रत्याशी, पंच, सरपंच और कांग्रेसी विचारधारा से जुड़े सभी संगठनों के कार्यकर्ता शामिल होंगे।

सार-समाचार

शाकद्वीपीय समाज की 214 प्रतिभाओं का सम्मान किया

शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा बीकानेर की ओर से समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान प्रांतीय शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा, बीकानेर की ओर से शाकद्वीपीय प्रतिभा सम्मान समारोह धरणीधर ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। समारोह में शिक्षा सत्र वर्ष 2024-25 व 2025-26 के दौरान शिक्षा, खेल, कला-संस्कृति सहित विभिन्न विभागों तथा अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली 214 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता महासभा अध्यक्ष गणेश दास सेवग ने की। मुख्य अतिथि शाकद्वीपीय मग ब्राह्मण सभा-जयपुर के अध्यक्ष व विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुलदीप व्यास थे। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं समाजसेवी हरीश बी. शर्मा व महेश भोजक सहित महासचिव राजेश शर्मा, समाजसेवी बनवारी लाल पांडे व शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रांतीय संयोजक जेठमल शर्मा मंच पर उपस्थित रहे। राजेश शर्मा ने बताया कि कक्षा 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर सहित जिला एवं राज्य स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। खेल, कला-संस्कृति, विभिन्न विभागों एवं अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करने वालों सहित समाज के नवनिर्वाचित पार्षद सुषमा शर्मा बीकानेर, रेखा भोजक-सरदारशहर व प्रदीप पांडे-राजलदेसर को भी सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में कुलदीप व्यास ने कहा कि प्रतिभाओं की उपलब्धियां पूरे समाज के लिए गौरव का विषय हैं। हरीश बी. शर्मा ने प्रतिभा सम्मान को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए युवाओं से शिक्षा के साथ संस्कार, साहित्य एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहने का आव्हान किया। संगठन मंत्री जुगल किशोर सेवग ने बताया कि समारोह में कुल 214 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

श्वानों व बिल्लियों को रेबीज का टीका लगाया

पशु विज्ञान महाविद्यालय बीकानेर में विश्व रेबीज दिवस पर श्वानों व बिल्लियों को रेबीज रोधी टीका लगाया।

बीकानेर, (कासं)। पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय बीकानेर में सोमवार को वेटरनरी मेडीसिन विभाग एवं कैनाइन वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर श्वानों एवं बिल्लियों के लिए एक दिवसीय नि:शुल्क रेबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन महाविद्यालय के चिकित्सा संकुल में किया गया। टीकाकरण शिविर का उद्घाटन कुलगुरू वेटरनरी विश्वविद्यालय बीकानेर के डॉ. सुमंत व्यास ने किया एवं कहा कि आमजन में पालतु पशुओं में श्वानों के साथ-साथ बिल्लियां पालने की रूचि भी बढ़ी है। अत: जन स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से इन पालतु पशुओं में रेबीज एवं अन्य बीमारियों के टीकाकरण की बहुत महत्ता है ताकि इन पशुओं को संक्रामक बीमारियों से बचाया जा सके। प्रो. राजेश कुमार धूड़िया, कार्यकारी निदेशक क्लिनिक ने बताया कि शिविर के दौरान 19 श्वानों व 31 बिल्लियों को नि:शुल्क टीके लगाए गये एवं श्वान व बिल्ली पालकों में रेबीज रोग के बचाव हेतु जागरूकता उत्पन्न की गई। शिविर में अधिष्ठाता वेटरनरी महाविद्यालय बीकानेर प्रो. बी.एन. श्रृंगी सहित डॉ. सीताराम गुप्ता, डॉ. मनोहर सेन, डॉ. संध्या मोरवाल, डॉ. जे.पी. कछावा, डॉ. प्रियंका कडेला एवं पी.जी. व पी.एच.डी. विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कलाकारों ने भवाई नृत्य और हैरतअंगेज करतब दिखाए

श्रीगंगानगर, (कासं)। गैस सिलेंडर और कांच की मटकियों के ऊपर संतुलन साधकर भवाई एवं दहकती ज्वाला के बीच हैरतअंगेज अग्नि नृत्य की प्रस्तुति कलाकारों ने दी। रविवार शाम राष्ट्रीय कला मंदिर के चौधरी रामजस सहारण सदन (ऑडिटोरियम) में बाड़मेर के इन कलाकारों ने अपनी इस अनूठी कला का प्रदर्शन शुरू किया तो सभागार में मौजूद दर्शक हैरान होकर उनके संतुलन को एकटक देखते रह गए। राष्ट्रीय कला मंदिर के तत्वावधान में आयोजित इस राजस्थानी सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकारों ने लगातार दो घंटे तक एक से बढ़कर एक राजस्थानी लोकगीतों पर नृत्य और करतबों की जोरदार प्रस्तुतियां दी। कभी तेज थाप पर संतुलन का करिश्मा दिखा तो कभी धधकती आग के साथ साहसिक प्रस्तुति: कलाकारों ने पारंपरिक लोक संगीत की धुनों पर अपनी इस कला का प्रदर्शन किया। बाड़मेर से आई प्रसिद्ध नृत्यांगना प्रेम मंडा और सोनू राजस्थानी ने अपने प्रदर्शन से पूरे माहौल को राजस्थानी रंग में रंग दिया।

कचरा संग्रहण के 60 में से 35 टिपर खड़े-खड़े ही कबाड़ बनें !

बीकानेर, (कासं)। नगर निगम और शहर में घर-घर कचरा संग्रहण का कार्य संभालने वाली पुरानी फर्म के बीच विवाद अब गंभीर मोड़ पर पहुंच गया है। शहर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के सरकारी दावों के बीच एक चौंकाने वाला खेल सामने आया है।

- **नगर निगम ने पूर्व में जिस फर्म को शहर में कचरा उठाने के लिए 60 नए टिपर उपलब्ध कराए थे। उनमें से ज्यादातर वाहन कागजों में ही दौड़ते रहे या मैदान में खड़े-खड़े पूरी तरह कबाड़ बन चुके हैं**

नगर निगम ने पूर्व में जिस फर्म को शहर में कचरा उठाने के लिए 60 नए टिपर उपलब्ध कराए थे। उनमें से ज्यादातर वाहन कागजों में ही दौड़ते रहे या मैदान में खड़े-खड़े पूरी तरह कबाड़ बन चुके हैं। हालात यह हैं कि अनुबंध समाप्त होने के बावजूद फर्म ने न केवल वाहन समय पर नहीं लौटाए बल्कि जो वाहन निगम ने दिए थे, वे या तो गायब हैं या उनके टायर और पार्ट्स तक चोरी हो चुके हैं।

इस पूरे प्रकरण ने निगम के अमले और फर्म की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गत 15 सितम्बर को ही इस फर्म का अनुबंध पूरी तरह से समाप्त हो चुका है, परंतु इसके बावजूद फर्म ने अब तक टिपर निगम को वापस नहीं लौटाए हैं। फर्म ने बमुश्किल 20 से 25 टिपर ही असल मैदान में काम में लिए। बाकी बचे करीब 30 से 35 टिपर पिछले पांच सालों से बिना किसी उपयोग के खुले आसमान के नीचे खड़े-खड़े पूरी तरह कंडम और बेकार हो चुके हैं।

देखभाल और रखरखाव के अभाव में इन गाड़ियों की स्थिति इतनी बदतर हो चुकी है कि कई टिपरों के टायर तक गायब हो चुके हैं और उनके महत्वपूर्ण पार्ट्स भी निकाल लिए गए हैं।

पुराने टिपरों के गायब होने उनके कबाड़ में बदलने और फर्म के इस असहयोग पूर्ण रवैये के बीच नगर निगम ने शहर की सफाई व्यवस्था को किसी भी हाल में बाधित न होने देने के लिए कड़े और त्वरित कदम उठाए हैं। निगम ने समानांतर रूप से एक मजबूत और आधुनिक वैकल्पिक व्यवस्था तैयार कर ली है। शहर में अब तक 50 नए टिपर पहुंच चुके हैं। निगम अधिकारियों के अनुसार, आगामी 30 तारीख तक सभी 140 नए टिपर बीकानेर पहुंच जायेंगे। नगर निगम आगामी 2 अक्टूबर से एक साथ शहर के सभी वार्डों में इन नए टिपरों को उतारने पर विचार कर रहा है। विवाद से बचने के लिए 140 टिपरों को सड़क पर उतारने की रणनीति बनाई गई है।

सिद्धार्थ पलानीचामी, कमिश्नर नगर निगम बीकानेर का कहना है कि टिपर फर्म को लौटाने थे वो अभी नहीं आए। शर्त के मुताबिक जिस कंडीशन में टिपर दिए गए थे उसी में आने थे। निगम इंतजार कर रहा है। वरना रिकवरी का विकल्प खुला है। नए 55 टिपर पहुंच चुके हैं।

ताश पत्तों से जुआ खेलते पांच जुआरी गिरफ्तार

नापासर, (कासं)। पुलिस ने गुसाईसर में जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने सार्वजनिक जगह पर ताश के पत्तों पर जुआ खेल रहे पांच लोगों को गिरफ्तार किया। मौके से 68,180 रूपए नकद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए गए।

एसपी मृदुल कच्छावा के निर्देश पर यह कार्रवाई हुई। एएसपी शहर चक्रवर्ती सिंह राठौड़ और सीओ गंगाशहर प्रहलाद राय के सुपरविजन में नापासर थानाधिकारी कविता पूनिया के नेतृत्व में टीम ने 27 सितम्बर की रात करीब 10.20 बजे बस स्टैंड के पास गुसाईसर में छापा मारकर पांच लोगों को पकड़ा। गिरफ्तार लोगों में भरतराम, प्रहलाद, गिरधारीलाल, भगवानाराम और दौलतराम (सभी गुसाईसर निवासी) शामिल हैं।

इनके खिलाफ धारा 13 में केस नंबर 183/2026 दर्ज हुआ है। जांच एएसआई धर्मेन्द्र कुमार को सौंपी गई है। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी कविता पूनिया, एएसआई कविन्द्र कुमार, कांस्टेबल गोरखाराम और कांस्टेबल सुरेन्द्र कुमार शामिल थे।

हथियार सप्लाई मामले में तीन गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। पुरानी आबादी थाना पुलिस ने अवैध हथियारों की सप्लाई चैन के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने दो सगे भाईयों समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से एक 9 एमएम का जिंदा कारतूस बरामद किया है। मामले में पुलिस अब तक कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

कार्रवाई एसपी हरिशंकर के निर्देशन में और एएसपी दीपक शर्मा के सुपरविजन में की गई। पुलिस थाना पुरानी आबादी में दर्ज प्रकरण संख्या 259/2026 में आर्म्स एक्ट और बीएनएस की धाराओं के तहत जांच चल रही है। पुलिस टीम ने करणपुर रोड स्थित किंग्स सदाइन्द्र कॉलोनी से मोहित (29) निवासी 54 एलएनपी और विश्वदीप सिंह (20) निवासी 10 ओ तेजेवाला (श्रीगंगानगर) को गिरफ्तार किया था। इनके कब्जे से पुलिस ने दो अवैध विदेशी जिगाना पिस्टल, दो मैगजीन व ब्रेजा कार जब्त की थी। दोनों आरोपियों को जांच के बाद जेल भेज दिया गया था। दोनों आरोपियों से पूछताछ और जांच के दौरान अवैध हथियारों की सप्लाई चैन में अन्य लोगों

- **गंगानगर में पुरानी आबादी थाना पुलिस की अवैध हथियारों की सप्लाई चैन के खिलाफ कार्रवाई**
- **आरोपियों से एक 9 एमएम का जिंदा कारतूस बरामद, दो अवैध विदेशी जिगाना पिस्टल, दो मैगजीन व ब्रेजा कार जब्त की थी**

के शामिल की बात सामने आई। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जसकरण सिंह (24), अशोक सिंह (31) दोनों निवासी 37 बीबी, थाना गजसिंहपुर तथा करणवीर सिंह (24) निवासी 01 बीबी, चूनावढ़ को गिरफ्तार किया। तीनों के कब्जे से एक 9 एमएम का जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। फिलहाल पुलिस तीनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

वाहन की टक्कर से एक की मौत, दो घायल

बीकानेर, (कासं)। देशनोक में केमिकल फैक्ट्री के पास देर शाम एक वाहन की टक्कर से बाइक सवार बाबू निवासी शीतला गेट की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं यासीन और सुल्तान गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर पहुंचाया गया जहां इलाज चल रहा है।

- **देशनोक में केमिकल फैक्ट्री के पास हुआ हादसा**
- **तीन युवक बाइक से जा रहे थे, वाहन ने टक्कर मारी**

जानकारी के अनुसार हादसा रविवार शाम का है। जब बाइक पर तीन युवक बीकानेर की तरफ आ रहे थे। वहीं सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। बाबू के सिर पर चोट लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही देशनोक पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक का शव तुरंत सरकारी अस्पताल भेजा गया। वहीं दोनों घायलों को उपचार के लिए बीकानेर के पीबीएम अस्पताल ले जाया गया। देशनोक नगर पालिका उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मूंदड़ा भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। देशनोक से करीब एक किलोमीटर दूर जिस जगह ये हादसा हुआ है। वहां पहले भी कई वाहन आपस में भिड़ चुके हैं। केमिकल फैक्ट्री के आसपास ओवर स्पीड से ये हादसे होते हैं।

गाड़ी की टक्कर से घायल दादा-पोती की मौत

गजनेर, (कासं)। गजनेर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में घायल दादा-पोती की मौत हो गई। उन्हें एक पिकअप ने टक्कर मारी थी।

यह हादसा 22 सितम्बर को चांडासर-नाईयों की बस्ती लिंक रोड पर हुआ था। पिकअप ने बाइक सवार हरू पूरी और उनकी 10 साल की पोती आईना को टक्कर मारी थी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

इलाज के दौरान 23 सितम्बर को आईना और 26 सितम्बर को हरू पुरी की मौत हो गई। हरू पूरी के छोटे भाई नरसी पूरी ने 24 सितम्बर को गजनेर थाने में पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया था। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

बीकानेर संभाग में आंधी के साथ बारिश से फसलों को नुकसान

महाजन/ बीकानेर, (कासं)। महाजन कस्बे और आसपास के ग्रामीण इलाकों में तेज आंधी के बाद बारिश हुई। रविवार रात बीकानेर जिले के लगभग सभी हिस्सों में अच्छी बारिश हुई। कई क्षेत्रों में देर रात तक बारिश का दौर चलता रहा।

बारिश से किसानों को राहत के बजाय चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि पिछले करीब दो महीने से बारिश का इंतजार था, लेकिन उस समय बादल नहीं बरसे। अब फसलों को बारिश की जरूरत नहीं है, तब तेज बारिश हो रही है। किसानों के मुताबिक इस समय हो रही बारिश से फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। किसानों का कहना है कि अगर यह बारिश एक महीने पहले होती तो खरीफ फसलों को फायदा मिलता।

- **किसानों के चेहरों पर फिर से उम्मीद लौटी। रबी के फसलें गेहूं, सरसों, चना की बुवाई हो पायेगी**

सावन और भादवा महीने सूखे रहने से ज्यादातर खरीफ की फसलें खराब हो चुकी हैं।

हालांकि किसानों के चेहरों पर फिर से उम्मीद लौट आई है। उनका मानना है कि बारिश से खेतों में अच्छी नमी बनेगी, जिससे रबी सीजन की बुवाई के लिए बेहतर माहौल बनेगा। मौसम साथ देने पर गेहूं, सरसों, चना और अन्य रबी फसलों की बुवाई अच्छे से हो पायेगी।

श्रीगंगानगर। यहां सोमवार सुबह अचानक मौसम बदला। आसमान में घने काले बादल छा गए और तेज धूल भरी आंधी ने जनजीवन प्रभावित कर दिया। जिससे दिन में अंधेरा छा गया और लोगों को वाहनों की लाइट जलाकर चलना पड़ा। आंधी के बाद कई इलाकों में हल्की बारिश हुई, जिससे गर्मी से राहत मिली और मौसम सुहावना हो गया।

सुबह 9:10 बजे जिला मुख्यालय और आसपास के इलाकों में आसमान घने बादलों से भर गया। धूल भरी आंधी का गुब्बार छा गया। 9:22 बजे पाकिस्तान की तरफ से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफतार से धूल भरी आंधी आई। आंधी थमने के बाद कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी भी हुई।

सार्वजनिक जीवन में जनकल्याण की भावना सर्वोपरि रहनी चाहिए : कटारिया

बीकानेर, (कासं)। पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में जनकल्याण की भावना सदैव सर्वोपरि रहनी चाहिए। उन्होंने अपने लम्बे सार्वजनिक जीवन के दौरान बीकानेर से जुड़े पुराने संस्मरण साझा करते हुए गोपाल गहलोत के साथ अपने आत्मीय संबंधों का भी उल्लेख किया।

कटारिया ने उस दौर की एक घटना को याद करते हुए बताया कि एक समय बीकानेर में उन पर हमला हुआ था। तब गोपाल गहलोत ने आगे बढ़कर वह हमला अपने ऊपर ले लिया था। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रसंग व्यक्ति के समर्पण, साहस और संगठन के प्रति निष्ठा को दर्शाते हैं। कटारिया ने गोपाल गहलोत के लम्बे सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में पद से अधिक महत्वपूर्ण सेवा की भावना, व्यवहार और समाज के प्रति जिम्मेदारी होती है। उन्होंने पुराने संबंधों और संस्मरणों को याद करते हुए कहा कि जनसेवा के क्षेत्र में किए गए कार्य और आत्मीय संबंध हमेशा स्मरणीय रहते हैं।

पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया के बीकानेर आगमन पर भाजपा नेता गोपाल गहलोत ने साफा पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर गुलाबचंद कटारिया ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम के समापन पर गोपाल गहलोत ने गुलाब चंद कटारिया सहित उपस्थित सभी अतिथियों और लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गुलाबचंद कटारिया का सहज व्यवहार, सादगी और समाज एवं संगठन के प्रति समर्पित सार्वजनिक जीवन अपने आपमें प्रेरणादायी है। गहलोत ने कहा कि उनके लिए यह अत्यंत भावुक और गौरवपूर्ण क्षण है कि कटारिया ने बीकानेर पहुंचकर हीरेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन किए और उनके पिता स्व. सेठ हीरालाल गहलोत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में माताजी तुलसी देवी, इंद्रा तिवाड़ी पत्नी द्वारकाप्रसाद, विधायक ताराचंद सारस्वत, विश्वनाथ मेघवाल, बिहारीलाल बिश्नोई, सुमन छाजेड़, सत्यप्रकाश आचार्य, विजय आचार्य, उपमहापौर पंकज गहलोत, मोहन सुराणा आदि मौजूद थे।

18 किलो डोडा-पोस्त सहित तीन गिरफ्तार

पीलीबंगा, (कासं)। जिले में ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और पीलीबंगा थाना पुलिस ने कार्रवाई की। एएनटीएफ की सूचना पर पीलीबंगा बस स्टैंड मंडी से तीन तस्करों को 18 किलो 260 ग्राम डोडा-पोस्त के साथ दबोचा। एक पुराने मामले में फरार पंजाब का हेरोइन सप्लायर भी पकड़ा गया।

पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देश पर पीलीबंगा थानाधिकारी रायसिंह और उपनिरीक्षक वीरचंद सहित स्टाफ ने यह कार्रवाई की। पकड़े आरोपियों में संगरिया निवासी सुखप्रीत सिंह, सुखविंदर सिंह और अरमान सिंह के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया गया है। थानाधिकारी रायसिंह ने बताया कि तस्कर यह खेप आगे सप्लाई करने की तैयारी में थे। एएनटीएफ की जानकारी के बाद पुलिस ने बस स्टैंड मंडी पर निगरानी बढ़ाई जिससे आरोपी भाग नहीं सके।

संपर्क पोर्टल की परिवेदनाओं का 7 दिन में निस्तारण करें : जैन

बीकानेर, (कासं)। जिला कलेक्टर निशांत जैन ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संपर्क पोर्टल, फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक ली।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवेदनाओं का अधिकतम सात दिन में निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा परिवादी की संतुष्टि का स्तर भी बढ़ाया जाए। उन्होंने बताया कि जिले में संपर्क पोर्टल पर परिवेदनाओं के निस्तारण का औसत समय 17 दिन है। इसे कम करने के निर्देश देते हुए उन्होंने नगर निगम की सर्वाधिक लंबित परिवेदनाओं को प्राथमिकता से निस्तारित करने को कहा।

साथ ही सीएमओ एवं सीपी ग्राम की परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने सभी विभागों को ई-फाइलिंग व्यवस्था का प्रभावी उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई-फाइलिंग से फाइल गुम होने की संभावना नहीं रहती तथा रिकॉर्ड में पारदर्शिता बनी रहती है। फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत लंबित ऋण आवेदनों पर जिला कलेक्टर ने एलडीएम को निर्देश दिए कि बैंकों में भेजे गए आवेदनों को शीघ्र स्वीकृत करवाया जाए अथवा नियमानुसार रिजेक्ट किया जाए।

उन्होंने लाडो प्रोत्साहन योजना, स्वामित्व योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, अटल ज्ञान केंद्र, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं ग्रामीण आजीविका मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर प्रगति बढ़ाने तथा संबंधित कार्यों की स्वीकृति शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए।